झारखंड का सर्वाधिक प्रसारित दैनिक

प्रभात खबर

अखबार नहीं आंदोलन

देवघर, शुक्रवार
15.01.2021
पौष शुक्ल 02 संवत 2077
पृष्ठ 16, मूल्य : ₹ 5
★★★★
वर्ष : 17, अंक : 165
रजिस्ट्रेशन : JHAHIN/2004/14077

prabhatkhabar.com

देवघर । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । कोलकाता । मुजफ्फरपुर । भागलपुर । गया से प्रकाशित

फाउंडेशन ने मंदबुद्धि युवती का मुंबई में इलाज करा कर परिजन को सौंपा

प्रभात खबर एक्सक्लूसिव

युवती एवं परिजनों के साथ संस्थान कर्मी.

बोरियो. मददगार हो कोई तो राह मिल ही जाती है. आज यह कथन भी सत्य साबित हुआ है. आज भी समाज में ऐसे संस्थान व कर्मी हैं जो लोगों की दर्द बांट रहे हैं. उनकी जरुरतों की पूर्ति कर नयी राह दिखाते हुए नयी जिंदगी दे रहे हैं. एक वर्ष पूर्व मुंबई के सड़कों पर भटकती मंदबुद्धि युवती को श्रद्धा रिहैबिलिटेशन फाउंडेशन मुंबई ने समुचित उपचार कर गुरुवार को बोरियो थाना पहुंचाया. थाना प्रभारी को मामले की जानकारी उपलब्ध कराते हुए संस्थानकर्मी ने उक्त युवती को बांझी संथाली पंचायता के मड़वा गांव पहुंच उनके परिजनों को सौंपा. युवती के परिजनों ने संस्थान के कर्मियों को साधुवाद दिया. बेटी के स्वस्थ होकर घर लौटने पर खुशी जाहिर की. संस्थान के शाहनिर अख्तर ने बताया कि एक वर्ष पूर्व युवती सुमाती सोरेन (25 वर्ष) भटकती हुई बडाला (मुम्बई) में पुलिस को मिली थी. इसके बाद बडाला पुलिस ने उक्त युवती के उपचार के लिए श्रद्धा रिहेबिलिटेशन फाउंडेशन मुंबई को प्रक्रिया के बाद सौंप दिया था. मरीज को ठीक कर घर पहुंचना हमारा कर्तव्य है. संस्थान के अदिति शेजल ने बताई श्रद्धा रिहेबिलिटेशन फाउंडेशन मुंबई, कोलकाता, श्रीनगर, हैदराबाद, दिल्ली, केरल, ओडिशा, तमिलनाडु और असम में है. संस्थान के संस्थापक डॉ भारत वाटवानी को रमोन मगसेस पुरस्कार 2018 से सम्मानित भी किया जा चुका है. मौके पर थाना प्रभारी जगन्नाथ पान, एसआइ बाजिद अली, एएसआ मो जमील सहित अन्य उपस्थित थे.